मेरा खाटू वाला,
मेरा इकलौता रिश्तेदार है,
अपने झूठे पराए झूठे,
अपने झूठे पराए झूठे,
झूठा ये संसार है,
मेरा खाटु वाला,
मेरा इकलौता रिश्तेदार है।।

जन्म लिया है जबसे मैने,
जाना एक ही नाम है,
कोई हो या ना हो चौबीस,
घंटे संग में श्याम है,
कैसी चिंता जब रखवाला,
कैसी चिंता जब रखवाला,
साँवरिया सरकार है,
मेरा खाटु वाला,
मेरा इकलौता रिश्तेदार है।।

बाप का फ़र्ज़ निभाया इसने,
माँ का फ़र्ज़ निभाया है,
मेरी लाज बचाने भाई,
बनके दौड़ा आया है,
मेरी हर श्वास श्याम की,
मेरी हर श्वास श्याम की,
सांवरिये का उधार है,

मेरा खाटु वाला,
मेरा इकलौता रिश्तेदार है ।।

श्याम धणी के प्रेमियों में,
श्याम ने दी मुझको पहचान,
मान दिया सम्मान दिया है,
रोटी कपड़ा और मकान,
श्याम के एहसान तले मेरा,
श्याम के एहसान तले मेरा,
दबा हुआ परिवार है,
मेरा खाटु वाला,
मेरा इकलौता रिश्तेदार है ।।

श्याम चरण में जवानी बीती,
बचपन गोद में खेला है,
तन्हाई में भी मेरे संग में,
प्रेमियों का मेला है
मोहित होकर सांवरिये ने,
किया बड़ा उपकर है,
मेरा खाटु वाला,
मेरा इकलौता रिश्तेदार है ।।

मेरा खाटू वाला,
मेरा इकलौता रिश्तेदार है,
अपने झूठे पराए झूठे,
अपने झूठे पराए झूठे,
झूठा ये संसार है,
मेरा खाटु वाला,

मेरा इकलौता रिश्तेदार है ।।

स्वर संजय सोनी ।

Source:
https://www.bharattemples.com/mera-khatu-wala-mera-iklota-rishtedar-hai/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw